# रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज

(पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की एक अंगीभूत इकाई)

AISHE-C-12846

1st Cycle Naac Accredited Grade - C with CGPA-1.79

चौकशिकारपुर, पटना सिटी, पटना-800009

Email : info@rmpcollegepatna.ac.in

Website : www.rpmcollegepatna.ac.in

Phone No. : 0612-2641451




प्रो० (डॉ०) पूनम
प्राचार्या
रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज
चौकशिकारपुर, पटना सिटी



प्रो० शरद कुमार यादव
कुलपति
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना

## COLLEGE NEWS BULLETIN


वर्ष : 2025 | अंक : 6 | जनवरी-मार्च, 2025 | मूल्य : नि:शुल्क


## VISION

The long term vision of our college is encapsulated in the following statement-

1. To be center of excellence in higher education with an innovative teaching, learning research activities to cater to the academic needs of the students by providing qualitative education making themself sufficient in life.
2. To provide modern education to promote academic excellence with an ethical dimension and inculcate values in the young girl students, enhancing their quality of life.
3. Our main moto is to educate enable and empower young women for promoting gender equality, social justice and enhancing their quality of life and transforming them into responsible citizen with a commitment towards serving humanity.

## MISSION

1. To impart holistic quality education to girl students of unprivileged cross section of society, and empower them with knowledge, skill and competence and make them self-reliant and socially committed citizens of the country.
2. To create a learning ambience in the College, where research and scholarship flourishes.
3. To provide updated knowledge and skill to the girl students to enable them compete in this highly competitive globalized world.
4. To develop overall personality of the girl students to enable them face the fast changing times with dynamism and confidence.
5. To promote art and culture in the College by regularly organizing such events in the campus and by inviting famous experts to inspire the students.
6. To campaign against environmental pollution and to provide best possible protection to all the College members from all kinds of pollution in the campus.
7. The best possible ancient and modern tools and technique of teaching learning should be used to provide updated knowledge and skills, in the globalised world to the girl student of this college who comes from far flung and remote areas.
8. To enable the students to explore the locally available economic resources for their employment and providing support to the society.





## महाविद्यालय की छात्राओं को अंतरविश्वविद्यालय एवं अंतरमहाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाने पर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर पुरस्कृत किया गया।

दिनांक 28.03.2025 को जे० डी० वीमेन्स कॉलेज में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर आर० पी० एम० कॉलेज की छात्रा सुश्री अर्चना कुमारी को सोलो कलासिकल डांस में एवं सुश्री स्नेहा श्रीवास्तव को काव्य पाठ में अंतरमहाविद्यालय एवं अंतरविश्वविद्यालय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सचिव एवं निदेशक शिक्षा विभाग, श्री अजय कुमार यादव के हाथों पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर विशेष रूप से पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो० शरद कुमार यादव, कुलसचिव प्रो० (डॉ०) श्री नागेन्द्र कुमार झा, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० (डॉ०) पूनम एवं महाविद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहें।

## महाविद्यालय की विशेषताएँ

- व्यवसायिक कोर्स BBA, BCA एवं BLIS की पढ़ाई
- नियमित वर्ग संचालन
- स्मार्टबोर्ड युक्त कक्षाएँ
- प्रबुद्ध शिक्षकगण
- एकेडमिक कलैन्डर
- ऑनलाइन नामांकन
- ऑनलाइन परीक्षा संबंधी कार्य
- ओटोमेटेड लाइब्रेरी
- आधुनिक सुसज्जित विज्ञान प्रायोगशाला
- ड्रेस कोड
- सोलर ऊर्जा
- रेनवाटर हारवेस्टिग प्लांट
- E-वेस्ट मेनेजमेंट
- नियमित एन. एस. एस. सक्रियता
- अनुशासित कार्यालय संपादन
- डाइनेमिक वेबसाइट
- नियमित खेलकूद सक्रियता
- नियमित शैक्षणिक कार्यक्रमों का संचालन
- रैम्प की सुविधा
- पूछताछ काउन्टर
- नियमित कैरियर काउन्सिलिंग
- न्यूज बुलेटिन का नियमित प्रकाशन
- Wi-fi कैम्पस
- सी.सी.टी.वी कैमरा
- पीयर टिचिंग सेल
- हेल्थ सेन्टर
- कैंटीन
- ग्रीन आर्मी
- नि:शुल्क कम्प्यूटर ट्रेनिंग
- नि:शुल्क योगा ट्रेनिंग
- नि:शुल्क हेल्थ चेक-अप
- नि:शुल्क जूडो/कराटे ट्रेनिंग
- नि:शुल्क आपदा प्रबंधन ट्रेनिंग
- नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी का स्टडी सेंटर
- छात्र दरबार
- हर्बल गार्डेन
- एंटी रैगिंग सेल

रामेश्वरदास पन्नालाल महिला महाविद्यालय
पटना सिटी
तमसो मा ज्योतिर्गमय

**संरक्षक**
**प्रो० ( डॉ० ) पूनम**
प्राचार्या

**संपादक**
**डॉ० रजिया नसरीन**
अध्यक्ष, गृह विज्ञान विभाग

**सह संपादक**
**डॉ० अंजु जैन**
अध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग

**संपादक मंडल**
**डॉ० प्रीति कुमारी**
असि० प्रो०, प्राचीन इतिहास एवं एशियाई अध्ययन

**डॉ० प्रकाश दास**
असि० प्रो०, दर्शनशास्त्र

**डॉ० मीनु मिंज**
अतिथि व्याख्याता, समाजशास्त्र विभाग

**डॉ० पूनम कुमारी**
असि० प्रो०, गणित

# प्राचार्य की कलम से................



देश के विकास में आधी आबादी यानी महिलाओं की अहम भूमिका रही है। महिलाओं को शक्तिशाली बनाने में, शिक्षा का महत्त्वपूर्ण योगदान है। रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज नारी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाता रहा है। पूर्वी पटना का यह एक महत्त्वपूर्ण महिला कॉलेज है जहाँ बख्तियारपुर तक से छात्रा पढ़ने आती है। यह महाविद्यालय पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का एक अंगीभूत इकाई है तथा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में अपना एक अहम स्थान रखता है। महाविद्यालय अपनी स्थापना के उपरांत लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है तथा अपनी परिधि को बढ़ाता जा रहा है, जिनके लिए पारंपरिक पाठ्यक्रमों के अलावे अनेक व्यावसायिक एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम महाविद्यालय द्वारा संचालित किये जा रहे हैं।

महाविद्यालय 18 विषयों में इंटर से स्नातकोत्तर स्तर तक कला एवं विज्ञान के अध्ययन अध्यापन का मंच प्रदान करता है। यहाँ BBA, BCA एवं BLIS व्यावसायिक कोर्स की पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध है। नालन्दा ऑपने विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र भी महाविद्यालय में है जिससे पूर्वी पटना के छात्र-छात्राओं को लगभग 100 विषयों में Distance Education mode में अध्ययन करने की सुविधा मिल रही है। वर्तमान समय में महाविद्यालय में 28 शिक्षक/शिक्षिकाएँ एवं 20 स्थायी एवं आउटसोर्सिंग शिक्षिकेतर कर्मचारीगण कार्यरत है।

11 सितम्बर 2023 को दूसरी बार रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज में प्राचार्या के रूप में मैंने यहाँ का कार्यभार ग्रहण किया। महाविद्यालय में योगदान के उपरांत महाविद्यालय का तेजी से विकास करने का मैंने दृढ़ संकल्प लिया और इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाया।

तेजी से विकास के लिए समुचित सिस्टम को विकसित करने बुनियादी सुविधाओं को अविलंब बहाल करने, शैक्षणिक वातावरण को मजबूत करने एवं अनुशासन इत्यादि पर सर्वाधिक बल दिया परिणामस्वरूप महाविद्यालय के न सिर्फ भौतिक स्वरूप में बदलाव आने लगा बल्कि लगातार विभिन्न शैक्षणिक एवं अन्य कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं आयोजन के कारण छात्राओं एवं शिक्षकों का उत्साहवर्द्धन हुआ एवं महाविद्यालय न सिर्फ पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों में बल्कि पूरे राज्य में अपना एक विशिष्ट स्थान बनाता जा रहा है। मुझे यह लिखते हुए खुशी एवं गर्व महसूस हो रहा कि कठिन मेहनत एवं सतत प्रयास से दिसम्बर 2024 में महाविद्यालय का नैक से प्रत्यायन भी हो गया है। जिसमें सीमित साधनों एवं बहुत कम शिक्षक रहते हुए महाविद्यालय ने नैक से 'C' ग्रेड CGPA-1.79 प्राप्त किया। महाविद्यालय को विकास के स्वर्णिम ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए मैं संकल्पित हूँ। महाविद्यालय में साधन सीमित है, ढेरों बाधाएँ है लेकिन आगे बढ़ते जाना ही ध्येय है, क्योंकि **'मंजिलें उन्हें मिलीं जिनके सपनों में जान है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान है।'**

**प्रो० (डॉ०) पूनम**
**प्राचार्या**

## महाविद्यालय के पदाधिकारीगण



**Dr. Razia Nasrin**
IQAC Co-ordinator



**Dr. Anju Jain**
Bursar



**Dr. Sushma**
Proctor



**Dr. Jayanti Rani**
NSS Program Officer



**Dr. Pawan kumar**
Admission In-charge



**Dr Punam Kumari**
Sports in Charge



**Dr. Prakash Das**
Co-ordinator Job Placement Cell

# Academic & Co-Curricular Activities in Our College








| Date | Programme | Organizing Department |
|---|---|---|
| 11-01-2025 | युवा दिवस पर वृक्षरोपण कार्यक्रम | राजनीतिशास्त्र विभाग |
| 11-01-2025 | अन्तर्राष्ट्रीय युवादिवस पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम | N.S.S |
| 26-01-2025 | गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम | सांस्कृतिक विभाग |
| 31-01-2025 | विदाई समारोह (सेवानिवृत) | राजनीतिशास्त्र विभाग |
| 07-02-2025 | रोजगारपरकता एवं कौशल विकास कार्यक्रम | दर्शनशास्त्र विभाग एवं IQAC |
| 11-02-2025 | संत रैदास पर व्याख्यान/निबंध प्रतियोगिता | दर्शनशास्त्र विभाग |
| 28-02-2025 | विदाई समारोह (सेवानिवृत) | समाजशास्त्र विभाग |
| 08-03-2025 | अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम | महिला सशक्तिकरण समिति एवं N.S.S |
| 11-03-2025 | निशुल्क प्रतियोगिता परीक्षा तैयारी हेतु कार्यशाला | IQAC एवं SC/ST CELL |
| 11-03-2025 | इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में सहभागिता | सांस्कृतिक विभाग |
| 12-03-2025 | होली मिलन समारोह | सास्कृतिक विभाग |
| 22-03-2025 to 24-03-2025 | बिहार दिवस के अवसर पर इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में छात्राओं की प्रतिभागिता | सास्कृतिक विभाग |
| 28-03-2025 | पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर अंतरविश्वविद्यालय में प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को सम्मान | |
| 29-03-2025 | सीआईटी सर्टिफिकेट कोर्स आरंभ | IQAC एवं SC/ST Cell |




























## युवा दिवस की पूर्व संध्या पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

पटना सिटी स्थित आर0 पी0 एम0 कॉलेज में दिनांक 11/01/2025 को अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस के पूर्व संध्या पर पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने हेतु तथा लोगों को जागरूक करने के लिए एवं पेड़–पौधों की महत्व को बताने के क्रम में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम के द्वारा किया गया। प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी लोग पौधा लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ बना सकते है, साथ ही राजनीतिशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ0 किरण कुमारी ने छात्राओं को "एक छात्रा एक वृक्ष" का शपथ दिलाया। कार्यक्रम की समापन डॉ0 नीना कुमारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी ने भाग लिया।





## अन्तर्राष्ट्रीय युवादिवस के अवसर पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम

पटना सिटी स्थित आर0 पी0 एम0 कॉलेज में दिनांक 11/01/2025 को युवा दिवस के अवसर पर ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन N.S.S की समन्वयक डॉ0 जंयती रानी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम के द्वारा किया गया। प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि छात्राओं को हमेशा समाज सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए तथा इसके साथ ही N.S.S के मूल सिद्धांतों के बारे में भी जानकारी देते हुए उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनने के लिए भी प्रेरणा दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहें।





## गणंतत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

पटना सिटी स्थित आर0 पी0 एम0 कॉलेज में दिनांक 26/01/2025 को महाविद्यालय में 76वाँ गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इसके साथ ही महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में छात्राओं ने हर्षोउल्लास के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं झंडोत्तोलन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम के द्वारा किया गया। प्राचार्या ने छात्राओं की हौसला अफजाई की तथा उन्हें पुरस्कृत भी किया। छात्राओं ने भी इस अवसर पर कई संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी भी उपस्थित रहे।





## सेवानिवृत पर आयोजित विदाई समारोह

पटना सिटी स्थित आर0 पी0 एम0 कॉलेज में दिनांक 31/01/2025 को महाविद्यालय में राजनीतिशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 किरण कुमारी के सेवानिवृत होने पर भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम के द्वारा किया गया तथा मंच संचालन दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ0 नागेन्द्र मिश्र के द्वारा किया गया। प्राचार्या सहित सभी शिक्षकगण ने डॉ0 किरण कुमारी को शॉल, स्मृति चिन्ह तथा कई उपहार देकर सम्मानित किया तथा सभी ने उनकी स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ0 प्रकाश दास एवं डॉ0 पवन कुमार के साथ–साथ सभी नवनियुक्त शिक्षक एवं महाविद्यालय की छात्राओं के साथ पूर्ववर्ती छात्राओं का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।



## रोजगारपरकता तथा कौशल विकास पर आयोजित कार्यक्रम

पटना सिटी स्थित आर0 पी0 एम0 कॉलेज में दिनांक 07/02/2025 को महाविद्यालय के IQAC के तत्वाधान में एवं दर्शनशास्त्र विभाग के द्वारा छात्राओं के लिए रोजगारपरकता और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला अंग्रेजी और ग्लोबल स्किल्स शिक्षण के क्षेत्र में देश के अग्रणी विशेषज्ञ डॉ0 बीरबल झा, संस्थापक ब्रिटिश लिंगुआ, दिल्ली के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम के द्वारा किया गया। प्राचार्या ने छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राओं को व्यक्तित्व विकास और स्किल्स डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान देना चाहिए। डॉ0 अंजू जैन, नैक समन्वयक ने कहा कि यह कार्यशाला छात्राओं को प्रोत्साहन एवं भविष्य में आए चुनौतियों का सामना करने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रकाश दास एवं धन्यवाद ज्ञापन दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ0 नागेन्द्र मिश्र के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक–शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहे।





## समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष की विदाई समारोह

पटना सिटी स्थित आर0 पी0 एम0 कॉलेज में दिनांक 28/02/2025 को महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 नीलम कुमारी के सेवानिवृत होने पर उनका विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम के द्वारा किया गया तथा मंच संचालन डॉ0 प्रकाश दास के द्वारा किया गया। प्राचार्या सहित समस्त शिक्षकगण ने डॉ0 नीलम कुमारी को शॉल, स्मृति चिन्ह तथा कई अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक–शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहे।





## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

पटना सिटी स्थित आर0 पी0 एम0 कॉलेज में दिनांक 08/03/2025 को IQAC के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण सेल तथा N.S.S के तरफ से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का थीम "बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं" रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम ने किया, वही कार्यक्रम का संचालन डॉ0 नुजहत जहाँ एवं डॉ0 जंयती रानी के द्वारा किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता ही समाज के विकास की पूँजी है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती विमला कुमारी को प्राचार्या ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेट कर उन्हें सम्मानित किया। छात्राओं ने महिला अधिकार पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुश्री तारा कुमारी, द्वितीय स्थान श्वेता कुमारी एवं निशागुप्ता, तीसरा स्थान शीतल श्री एवं शुभम सुंदर को प्राप्त हुआ। सांत्वना पुरस्कार मुस्कान एवं सलोनी को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का समापन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 प्रीति कुमारी के द्वारा दिया गया।










# निशुल्क प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन

पटना सिटी स्थित आर0 पी0 एम0 कॉलेज में दिनांक 11/03/2025 को IQAC के तत्वाधान में SC/ST सेल द्वारा स्नातक पास एवं फाइनल वर्ष की छात्राओं के लिए बिहार सरकार के तत्वाधान में चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान, पटना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं ओबीसी के छात्राओं के लिए CAT/MAT एवं अन्य मैनेजमेंट प्रतियोगिता परीक्षा का निशुल्क प्रशिक्षण दिए जाने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर उपेन्द्र, चन्द्रगुप्त इंस्टियूट ऑफ मैनेंजमेट पटना रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम के द्वारा किया गया। प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्तित्व विकास और उनकी स्किल डेवलपमेंट पर ध्यान देनी चाहिए तभी छात्राओं में सर्वागीण विकास होगा। मंच संचालन डॉ0 प्रकाश दास एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 रज़िया नसरीन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा, शिक्षक–शिक्षकेत्तर कर्मी सभी उपस्थित रहे।



# इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में प्रतिभागी आर0 पी0 एम0 कॉलेज

पटना सिटी स्थित आर0 पी0 एम0 कॉलेज ने दिनांक 11/03/2025 को इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में प्रतिभागी बना। जिसमें जे0 डी0 वीमेंस कॉलेज में इंटर कॉलेज कल्चरल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। इस नृत्य प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों से प्रतिभागी आये। इस नृत्य प्रतियोगिता में आर0 पी0 एम0 कॉलेज की छात्रा अर्चना कुमारी ने क्लासिकल सोलो डांस में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल की तथा भारतीय साहित्य लोकनृत्य के ग्रुप डांस कैटेगरी में आर0 पी0 एम0 कॉलेज को तृतीय स्थान मिला। इसी प्रतियोगिता की दूसरी कड़ी में खगौल महिला कॉलेज में इंटर कॉलेज काव्य–पाठ का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भी आर0 पी0 एम0 कॉलेज की छात्रा स्नेहा श्रीवास्तव को काव्य पाठ में प्रथम स्थान मिला। यह प्रतियोगिता छात्राओं के लिए शानदार मंच साबित हुई जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत कर अपनी क्षमताओं का परिचय दिया। पूरे सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी सांस्कृतिक समिति की सचिव डॉ0 अंजु जैन एवं सहसचिव डॉ0 रजिया नसरीन के देख रेख में सम्पन्न हुई।





# होली मिलन समारोह 2025

पटना सिटी स्थित आर0 पी0 एम0 कॉलेज में दिनांक 12/03/2025 को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम एवं संचालन डॉ0 अन्नु जैन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, सभी ने होली मिलन समारोह का आनंद लिया। होली मिलन समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।





# इंटर यूनिर्वसिटी प्रतियोगिता में आर0 पी0 एम0 कॉलेज का जलवा

पटना सिटी स्थित आर0 पी0 एम0 कॉलेज के छात्राओं ने बिहार दिवस के अवसर पर दिनांक 22/03/2025 से 24/03/2025 के बीच अंतर विश्वविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता, शिक्षा विभाग बिहार सरकार के तत्वाधान में भाग लिया, जिसमें कॉलेज की छात्रा स्नेहा श्रीवास्तव को "काव्य पाठ्य" प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तथा अर्चना कुमारी को क्लासिकल सोलों डांस में प्रथम स्थान मिला। छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु उपस्थित निर्णायक मंडली ने काफी सराहना की। छात्राओं के शानदार प्रदर्शन के लिए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम एवं समस्त शिक्षकगण ने बधाई एवं आर्शीवाद दिये तथा प्राचार्या ने कहा कि छात्राओं की उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है।





# आर0 पी0 एम0 कॉलेज में सीआईटी सर्टिफिकेट कोर्स का आरंभ

पटना सिटी स्थित आर0 पी0 एम0 कॉलेज में दिनांक 29/03/2025 को सीआईटी सर्टिफिकेट कोर्स की शुरूआत की गई यह निःशुल्क प्रशिक्षण अनुदीप फांउडेशन के सहयोग से संचालित किया जा रहा हैं जिसका उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल युग के अनुरूप तैयार करने का प्रयास किया जा रहा हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम के द्वारा किया गया। प्राचार्या ने छात्राओं को संम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में अंग्रेजी तथा कंप्यूटर का ज्ञान सफलता की कुंजी हैं। यह कोर्स छात्राओं के कैरियर के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अंजू जैन एवं डॉ0 प्रकाश दास के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आए अनुदीप फांउडेशन के हेड श्री विवेक वर्मा ने भी छात्राओं को सम्बोधित किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्याओं में छात्राओं ने उत्सुकता पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं शिक्षकत्तेर कर्मी उपस्थित रहें।





# छात्राओं की कलम से...

## Artificial Intelligence (AI)

Artificial Intelligence (AI) refers to computer systems capable of performing complex tasks that historically only a human could do, such as reasoning, making decision, or solving problems. Today, the term "AI" describes a wide range of technologies that power many of the services and goods we use everyday-from apps that recommend TV shows to chatbots that provide customer supports in real time. At the simplest level, machines learning uses algorithms trained on data sets to create machine learning models that allow computer system to perform tasks like making songs recommendation, identifying the fastest way to travel to a destination, or translating texts from one language to another. Artificial Intelligence is the latest groundbreaking innovation in the fields. AI has the ability to change many field such as healthcare, finance etc. This new area of technology looks like it will bring big change to our society along with the way we live & work.

**Anjali Kumari**
Roll No.-21
B.Sc., Sem-2, MJC (Zoology)

## मैं भी जीना चाहती थी

कोख में पल रही थी चुपचाप
सपनों से भर रही थी आप।
माँ की ममता पाने को,
दुनिया में आने को।
नन्हे हाथों से छूती थी,
हर घड़कन को सुनती थी।
हर दिन एक उम्मीद थी,
कि अब तो रौशनी नजदीक थी।
पर एक दिन सन्नाटा छाया,
डॉक्टर बोला-''ये बेटी है'', बताया।
पल में बदल गया सब कुछ,
माँ की आंखों में डर सा कुछ।
क्यों मेरी पहचान गुनाह बनी?
क्यों बेटी होना एक सजा बनी?
ना देखा मैने जीवन का रंग,
ना सीखा बोलना कोई ढंग।
मैं भी हंस सकती थी,
गुड़ियों से खेल सकती थी।
पाप की प्यारी बन सकती थी,
माँ की गोदी में सो सकती थी।
पर तुमने मुझसे सब छीना।
मेरा जीवन अधुरा ही रहा।
एक सवाल छोड़ गई हूँ बस,
''क्या मेरा दोष सिर्फ बेटी होना था?''

**सोनाली कुमारी**
क्रमांक-1, सेमेस्टर-2, MJC (गृह विज्ञान)

## अभिभावक

जन्म जन्मान्तर का हरि अभिभावक,
कर्म फलों के खरा-खुरी तपता पावक,
निश्चल मन के जल से सदा निखरता,
कर्म फलों के मंत्र से सदा ही हमें पुकारता।
जाने जी के तन-मन में कैसा है यह आलस्य,
सब कुछ निखरता-बिखरता होता है पश्य,
मुझे तो त्रिकाल रूप से इस दर्शन को पढ़ना है,
एक सुन्दर जीवन को अपने ही हाथों गढ़ना है।
माता-पिता, गुरू जन का सखी का संसार,
सबकी बातों में बातो से करना है ऊर्जा संचार,
रचना है अपने भावी जीवन का उत्तम स्वरूप,
सपने सजाकर सदकर्मो को रचाकर होना है अनूप।
हे ईश्वर, मेरा सर्वश्य है यह संसार,
पूर्ण जन्म होकर आना है बारंबार,
निज बिहार करूँ मैं कर्मो के कानन में,
हँसता रहूं मै बसता रहूं मैं अपने आनन में।
प्रेम पढ़ाई व पूजा का जीवन है संगम,
योग है मन की माया तज रूपांकार बिहंगम,
जगत में अच्छा काम रकने की अपनी उपासना
ताकि दूर हो जाए सभी प्रकार की मन की वासना।
मुझे ऐसा शक्ति दे विधाता,
कृपा मिले उनकी जो है जग दाता,
चरण-सरण की मुझे गति मिले,
बस मुझे वैसी सद्गति मिले।


**स्नेहा श्रीवास्तव**
क्रमांक-4, सेमेस्टर-2, MJC (दर्शनशास्त्र)

# खबरों में कॉलेज

## युवा दिवस की पूर्व संध्या पर किया पौधारोपण




## आरपीएम कॉलेज में एनएसएस की ओर से पूरी ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ आयोजन



## राजनीतिशास्त्र में पीजी तक की शिक्षा डॉ किरण का खास योगदान : प्रो. डॉ पूनम



## राजनीतिक शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष के सेवानिवृत्ति पर आयोजित हुआ भव्य विदाई समारो



पटना आसपास

## छात्राओं के व्यक्तित्व विकास को दिए टिप्स, किया उत्साहित



DELHI NEWS

## English is more than a Language: Dr Birbal Jha



## संत रविदास ने रूढ़िवाद के खिलाफ किया जागरूक : प्रो. प्रभास



## आरपीएम कॉलेज में संत रैदास के जीवन दर्शन पर एक व्याख्यान और निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




## आरपीएम कॉलेज में 40 छात्राओं के लिए सीआईटी सर्टिफिकेट कोर्स शुरू



## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को शिक्षा व जागरूकता जरूरी : विमला



## आरपीएम कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन





आज

## आरपीएम कॉलेज की छात्राओं ने बाजी मारी

